# एमएसएमई उत्पादों के लिए एक्सपो लगाएंगे

लखनऊ। एमएसएमई के उत्पादों को देश-विदेश के ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए आईआईए नए सत्र 2025-26 में विभिन्न स्थानों पर एक्सपो का आयोजन करेगा। यह बात आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कही। वह गोमतीनगर स्थित आईआईए भवन में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की 310वीं केन्द्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक अग्रवाल आईआईए पूर्व अध्यक्ष जीसी चतुर्वेदी, अनिल गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।